तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री


हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

08 समाज की उन्नति का सबसे मजबूत आधार ...


10 श्री वैष्णव महासभा पलारी मंडल की बैठक ...




## नवरात्रि विशेष



### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-

नित्यं पद्माश्रितकरद्धया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## आयोजन : मुख्यमंत्री ने ओड़ान में नवविवाहित 28 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

# शिक्षित और संगठित समाज ही तरक्की का आधार: सीएम साय

### पलारी और कसडोल के लिए 1.25 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम ओड़ान में बावनगढ़ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तुरतुरिया माता महासभा लवन के तत्वावधान में आयोजित गोंड़वाना आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे शामिल हुए।

उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारम्परिक गोंडी रीति-रिवाज से दाम्पत्य सूत्र में बंधे 28 नवविवाहित जोड़ों क़ो आशीर्वाद व सुखमय दाम्पत्य जीवन की शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारियों की मांग पर -कसडोल में कंवर समाज सामुदयिक भवन व नगर पंचायत पलारी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 -50 लाख, ग्राम ओड़ान में बड़ादेव ठाना में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा तथा ओड़ान के शनिमंदिर से बड़ादेव ठाना तक सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस सामूहिक विवाह में आमंत्रित करने पर सभी सगाज़नो का आभार। आज 28 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया हैं उन्हें बहुत -बहुत बधाई। आदिववासी समाज संगठित होकर विकास की ओर ▶▶ शेष पेज 09 पर





### ये रहे शामिल

इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, सर्व ▶▶ शेष पेज 09 पर

### मुख्यमंत्री ने बड़ादेव का पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख -समृद्धि का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम ओड़ान पहुंचे। उन्होंने यहां गोंड समाज के पूजा स्थल में बड़ादेव स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए और बड़ादेव का पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह सोनाखान के जमींदार थे। वे एक सच्चे देशभक्त व गरीबों के मसीहा थे। उन्होंने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किया। शहीद वीर नारायण सिंह को अंग्रेजी शासन के द्वारा उन्हें 10 दिसंबर 1857 को रायपुर के जयस्तंभ चौक पर फांसी दी गई थी। स्वाभिमान व आत्मगौरव का प्रतीक रानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की महारानी थीं। उन्होंने मुगलों के खिलाफ अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। 1564 ईस्वी में मुग़ल सेना के सामने झुकने के बजाय युद्धभूमि मे आत्मोत्सर्ग कर दिया। इस अवसर पर जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक संदीप साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महासभा अध्यक्ष शिव सिंह नेताम सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।





## युवान पहल: छुईहा बांध में पक्षियों की 45 प्रजातियों की हुई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

'युवान' पहल के अंतर्गत वन मंडल बलौदाबाजार के द्वारा रविवार को पक्षी दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत 10 प्रतिभागियों का दल छुईहा बांध पहुँचा।

■ प्रकृति प्रेमियों ने जाने पक्षी दर्शन के गुर

पक्षी विशेषज्ञ हेमंत वर्मा ने प्रतिभागियों को पक्षियों को पहचानने के विभिन्न गुर सिखाए। यहां पक्षियों की 45 प्रजातियों की पहचान हुई। छुइहा बांध में में प्रमुख पक्षी प्रजातियों में जलीय पक्षी यूरेशियन कूट (लगभग 100), यूरेशियन मूरहेन (करीब 100), ग्रे-हेडेड स्वैम्पेन, व्हाइट-ब्रेस्टेड वाटरहेन, और ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट अन्य पक्षी यूरेशियन विजन, ग्रे फ्रेंकोलिन,लाफिंग डव, स्पॉटेड डव, एशियन कोयल, ग्रेटर कूकल और व्हाइट-थ्रोटेड किंगफिशर, ब्लैक काइट, पाइपेट और रेड-वॉटल्ड लैपविंग जैसे पक्षी शामिल थे। इस प्रकृति यात्रा में कुल 10 उत्साही प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें नरेन्द्र वर्मा, कुम्भज कुमार, टिकेश्वर निषाद, रिकेश्वर पैकरा, लोकेश यादव, अंजू वर्मा, टीना वर्मा, तन्वी मालकी, लावी मालकी और एरिक मालकी शामिल हैं।

## मोपर में माता कर्मा जयंती आज

**अर्जुनी।** भाटापारा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोपर में साहू समाज द्वारा 23 मार्च दिन सोमवार को माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन रखा गया है। 23 मार्च को सुबह 09 बजे कलश यात्रा दोपहर 12 बजे सत्यनारायण कथा शाम 06 बजे अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन एवं रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। माता कर्मा जयंती समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र साव होंगे। अध्यक्षता साहू संघ जिलाध्यक्ष सुनील साहू करेंगे। प्रमुख अतिथियो में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, पूर्व विधायक चैतराम साहू, जिला संरक्षक रेवाराम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू एवं विशेष अतिथियों में भाटापारा तहसील अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, भाटापारा नगर अध्यक्ष राजेश साहू, मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष भारत साहू, तरेंगा परिक्षेत्र अध्यक्ष दयाल साहू, सिंगारपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रामसागर साहू, मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष कोमल साहू एवं मोपर ग्रामीण अध्यक्ष बिसौहा राम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।



**खबर संक्षेप**

## गीता दूसरी बार बनीं भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री

**भाटापारा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन मे महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार एवं गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व स्पीकर, बृजमोहन अग्रवाल सांसद, टंकराम वर्मा केबिनेट मंत्री, शिवरतन शर्मा



पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, सनम जांगडे प्रदेश अध्यक्ष अ.जा. मोर्चा, आनंद यादव भाजपा जिलाध्यक्ष की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता वर्मा के द्वारा गीता अग्रवाल को भाजपा जिला महिला मोर्चा महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। गीता अग्रवाल की यह नियुक्ति जिला महामंत्री के पद पर दूसरी बार की गई है। वे पूर्व मे ग्राम पंचायत गुडेलिया की सरपंच एवं महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष के पद पर भी रह चुकी है इसके अलावा वे पार्टी संगठन के कार्यों में लगातार सक्रिय भागीदारी निभाते आ रहीं है।

## राजाढार में 21 लाख रुपए की लागत से बनेगा गौरव पथ



**भाटापारा।** विधायक इन्द्र साव ने क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गौरव पथ का निर्माण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी।विधायक साव ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुगम हो जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम में सरपंच इतवारी जांगड़े, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ध्रुव, पूर्व ऐल्डर मेन मुकेश साहू, पूर्व पार्षद दीपक निर्मलकर, राजा बघेल, रेशम बघेल, लाला घृतलहरे, डोमार बंजारे, मंतराम बंजारे, साहिल घृतलहरे, नीलकंठ पुरेना, देवचरण जांगड़े, शिव घृतलहरे, धनेन्द्र घृतलहरे, हीरु बंजारे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। सभी ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए विधायक इन्द्र साव का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

## बिलाईगढ़ ब्लॉक के 291 परीक्षा केंद्रों में असाक्षरों ने दिलाई परीक्षा

**भटगांव।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बिलाईगढ़ ब्लॉक के 291 परीक्षा केंद्रों में असाक्षरों ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रविवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ.संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार डीईओ एवं सदस्य सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जे आर डहरिया के मार्गदर्शन में महापरीक्षा का आयोजन किया गया। साक्षरता की इस महापर्व में बड़ी संख्या में नवसाक्षर अपने ज्ञान एवं कौशल के प्रदर्शन किए परीक्षा दिलाए जिला प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां भी की थी। जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया ने बताया कि यह महापरीक्षा उन लोगों के लिए नया अवसर है जो किसी कारणवश अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी नहीं कर सके थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी परीक्षार्थियों को इस महापरीक्षा अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है। कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों स्वयंसेवी शिक्षक तथा आम नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में महापरीक्षा अभियान में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

# महाभियान : जिले में 1.09 लाख संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में मोर गांव, मोर पानी महाभियान 2.0 अंतर्गत जिले जल संरक्षण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी के लिये गांव -गांव में दीवार लेखन, रंगोली, रैली, जल संरक्षण शपथ के माध्यम से जन जागरूकता लाई जा रही है। जल संचयन वाहिनी एवं समूह की महिलाएं ग्राम पंचायत कार्यालय, स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में जल संरक्षण हेतु हैंड पम्प एवं घरों के पास सोखता गड्ढा निर्माण के लिये आकर्षक रंगोली से सन्देश दिया जा रहा है। इसके साथ ही सुंदर दीवार लेखन भी किया जा रहा है। जागरूकता रैली में महिला,पुरुष, युवा और बच्चे भी बढ़ -चढ़कर शामिल हो रहे है। तालाबों, नहरों एवं हैंडपंप के आस -पास की साफ सफाई भी जोर शोर से किया जा रहा है। वहीं जल संचय जनभागीदारी अंतर्गत भी विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इस वर्ष लगभग 1 लाख 9 हजार जल संचयन एवं जल संरक्षण के कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

■ दीवार लेखन रंगोली और रैली के माध्यम से संदेश प्रसार

**बलौदाबाजार में जल संरक्षण के लिए महाभियान शुरू**








### 13-20 मई तक जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन

मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत 13 से 20 मई तक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में विविध आयोजन हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसमें अलग -अलग तिथियों में भिन्न -भिन्न कार्यक्रम होंगे। सभी हैंडपम्प, टेप नल, सरकारी भवन एवं पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्मित मकानों के पास सोखता गड्ढा व रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण किया जाएगा।

### माता कर्मा जयंती समारोह में सामाजिक एकता का संदेश

# समाज की उन्नति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा युवा अपनाएं सकारात्मक जीवनशैली: टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

परिक्षेत्र साहू समाज हथबंद एवं समस्त ग्रामीण इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें समाज के प्रमुख जनों एवं महिला शक्ति की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। पूरे आयोजन में सामाजिक एकता, परंपरा और सांस्कृतिक गौरव की सुंदर झलक दिखाई दी।

■ मंत्री वर्मा ने शिक्षा व नशामुक्ति पर दिया जोर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुनील साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष दौलत पाल, जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष राजाराम साहू, संध्या साहू, सचिव सुशील साहू, सहसचिव अनुपमा साहू, तहसील अध्यक्ष सिमगा रामनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष सुहेला नरेन्द्र कुमार साहू, तहसील अध्यक्ष भाटापारा कुलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भूवनलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविंद वर्मा, परिक्षेत्र अध्यक्ष मनहरन साहू, शेषनारायण साहू, सुशील साहू, नगर अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद सदस्य नर्मदा जीवन साहू, अंजू बबलू पटेल, सरपंच गायत्री कमलेश ध्रुव, उपसरपंच नरेश साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसके अलावा ईश्वरी मारकंडे, प्रेमलता वर्मा, खोंमलाल साहू, दिनेश वर्मा, हरिश वैष्णव, मुकेश कश्यप, लिली वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, संजय वर्मा, घन्ना धनेश्वर निषाद, धनीराम रजक, प्रकाश पाल, राजकिरण माहीलांग, कल्याण ध्रुव, जितेंद्र यादव, भावेश साहू, रामकुमार साहू, जितेंद्र साहू, महेंद्र साहू, नोहर पाल सहित अनेक समाजजन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का साहू समाज के पदाधिकारियों एवं महिला शक्ति द्वारा फूल-माला एवं मोमेंटो भेंट कर भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। इस आत्मीय स्वागत ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया।



### एकजुट होकर विकास की दिशा में बढ़ें

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने शिक्षा के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज की उन्नति का सबसे मजबूत आधार शिक्षा है। उन्होंने युवाओं से नशा-पान से दूर रहकर सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही समाज को एकजुट होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### हर सुख-दुख में साथ रहने का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि वे समाज के हर सुख-दुख में सदैव साथ रहेंगे। बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति के बीच यह आयोजन अत्यंत सफल एवं यादगार रहा।

## बारनावापारा में इको टूरिज्म पर प्रशिक्षण 23 से 25 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत बारनावापारा में 23, 24 एवं 25 मार्च को इको टूरिज्म एवं छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2024-30 पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का आयोजन सीएसआईडीसी के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से स्थानीय युवाओं, टूर गाइड्स, महिला स्व-सहायता समूहों, पर्यटन से जुड़े उद्यमियों एवं महिला उद्यमियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं रोजगारपरक साबित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में इको टूरिज्म को बढ़ावा देना, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करना तथा पर्यटन आधारित स्वरोजगार के अवसरों को विकसित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक पर्यटन के विभिन्न आयामों से अवगत कराया जाएगा, जिसमें एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म, सांस्कृतिक एवं कला पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन तथा होमस्टे कॉन्सेप्ट जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। साथ ही प्रतिभागियों को पर्यटकों को आकर्षित करने के नए तरीके, पर्यटन सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उपाय एवं स्थानीय स्तर पर पर्यटन व्यवसाय स्थापित करने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2024-30 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, प्रोत्साहनों एवं योजनाओं के बारे में भी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रतिभागी सरकारी लाभों का उपयोग कर अपने उद्यम को सफलतापूर्वक स्थापित कर सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र में पर्यटन आधारित रोजगार को बढ़ावा देने एवं स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं, को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल पहला होगा। अधिक जानकारी के लिए 75661 95 551 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कराटे आत्मविश्वास, अनुशासन विकसित करने में भी सहायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

गर्ल्स प्रहार कराटे एकेडमी सुहेला द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान, अकैडमी ओपनिंग एवं जिम उद्घाटन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा कराटे प्रशिक्षण का आयोजन हायर सेकेंडरी हाई स्कूल में किए जाने के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल गेम्स में उभरते बालक-बालिकाओं को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा सुहेला उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य डी.पी. कोसले, पीएम शरी स्कूल की पीटीआई तिलोत्तमा वर्मा, जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा तथा सुहेला सरपंच मोगरा देवा धृतलहरे शामिल रहीं।



### नियमित अभ्यास करें और आगे बढ़ें

इस अवसर पर पीटीआई शिक्षिका तिलोत्तमा वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण आज के समय में बालिकाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। कराटे जैसे खेल न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी विकसित करते हैं। उन्होंने छात्राओं को नियमित अभ्यास करने और खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन गर्ल्स प्रहार कराटे अकैडमी एवं कराटे एसोसिएशन सिमगा के सचिव राकेश वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

### पालक भी रहे उपस्थित

इस दौरान कराटे एसोसिएशन के प्रशिक्षक मधु ध्रुव, ओम कुमार यादव, नवीन वर्मा एवं मधु निषाद के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं के साथ उनके पालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने अन्य खेल गतिविधियों के माध्यम से भी बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हुए आत्मरक्षा के महत्व पर बल दिया।

## लापता युवक का शव जंगल में मिला हत्या का संदेह

**महासमुंद।** घर से दो दिन पहले अचानक लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंसीमुड़ा के जंगल में पेड़ से लटका मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संदेहियों को हिरासत मे लेकर सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के ग्राम बड़े टेमरी निवासी एक 22 वर्षीय युवक ललित साहू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंसीमुड़ा के जंगल में पेड़ से लटका मिला। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। इसके अलावा वैज्ञानिक अधिकारी (एफएसएल), डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल व शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे मामला आत्महत्या न होकर हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाया जाने के संदेह व्यक्त किया गया।

# समाजसेवियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय समाजसेवी संस्था नया सवेरा जनकल्याण समिति द्वारा महिला दिवस के अवसर पर जिला ऑडिटोरियम में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन रहे। दोनों अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

समारोह में संस्था की आयोजक लता अजय साहू के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभाओं का अभिनंदन मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा एवं अशोक जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें विभिन्न वेशभूषा में बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

**ये रहे उपस्थित:** आयोजन में प्राचार्य ऋतु शुक्ला, प्रीति साहू, अपराजिता गुप्ता, कल्पना पवार, अर्चना केसरवानी, महेश्वरी, सिमरन कौर, निशी चावला, रोशनी चावला, प्रिया चावला, श्रीमती सोनी, पार्वती गुप्ता सहित अनेक महिला उद्यमी एवं समाजसेवी महिलाएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा नगर के गणमान्य नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम सफल व प्रेरणादायी बना।






**उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम**

# असाक्षर शिक्षार्थियों ने मूल्यांकन परीक्षा में उत्साहपूर्वक लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत आने वाले छड़िया, नहरडीह, मधईपुर, कुम्हारी, आलेसुर, पचरी सहित अन्य विद्यालयों में राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूल्यांकन परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के वयोवृद्ध एवं असाक्षर शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शिक्षा के प्रति अपनी रुचि एवं जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक दिन पूर्व शिक्षकों एवं प्रेरकों द्वारा गांव में घर-घर जाकर पारंपरिक रूप से पीले चावल छिड़ककर आमंत्रण दिया गया। इस पहल से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित हो सकी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने पूर्ण जिम्मेदारी और समर्पण के साथ मूल्यांकन कार्य संपन्न कराया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण प्रवीण कुमार साहू, संगम कुमार मन्नाडे, तारकेश्वर कुमार धीवर, भारती तांती सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।





### शिक्षा का उजाला फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम केवल परीक्षा का आयोजन नहीं है, बल्कि यह समाज के उन लोगों को शिक्षा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है जो किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए थे। गांव के वरिष्ठ नागरिकों का इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लेना हमारे लिए गर्व की बात है और इससे शिक्षा के प्रति जागरूकता निश्चित रूप से बढ़ेगी। वहीं केंद्र अध्यक्ष शांता पठारे ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम समाज में है। जब गांव के बुजुर्ग स्वयं आगे बढ़कर पढ़ने और परीक्षा देने के लिए तैयार हो रहे हैं, तो यह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से साक्षरता का स्तर और अधिक बढ़ेगा।

### सफल बनाने में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरक जास्मीन कोशले, वैशाली वर्मा एवं तान्या रात्रे का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफल वातावरण में संपन्न हुआ तथा उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। संकुल केंद्र पचरी के अंतर्गत सभी विद्यालयों द्वारा किए गए इस प्रयास को शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## संतोष यदु बने सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष



बलौदाबाजार। सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को नगर भवन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिलेभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस चुनाव में संतोष यदु को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन में कुल तीन प्रत्याशीसंतोष यदु, बोधन यादव और राजकुमार यदु मैदान में थे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। निर्वाचन कार्य का संचालन सर्व यादव समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश यादव (बलरामपुर) के मार्गदर्शन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता सुरेश यदु एवं उप निर्वाचन अधिकारी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के तहत संतोष यदु को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। साथ ही बोधन यादव को जिला महामंत्री एवं राजकुमार यदु को जिला कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, पूर्व जिलाध्यक्ष बसावन यदु, गीता यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शिवराम यादव, युवा जिलाध्यक्ष उमेश यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यदु, हरीश यादव, दिनेश यादव, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा यादव, मंजू यादव, सचिव सुखदेव यदु सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने कहा कि वे समाज की एकता, विकास एवं संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे तथा सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। समाजजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### मां डोंगर देवी मंदिर पदयात्रा करते हुए पहुंचे

**भवानीपुर।** ग्राम वटगन से मां डोंगर देवी मलपुरी मंदिर पदयात्रा करते हुऐ माताएं एवं छोटे-छोटे दर्शन करने के लिए पहुंचे। मां डोंगर देवी मंदिर के लिए पदयात्रा करते हुए जय माता दी नारा लगाते हुए सफर किया। मंदिर पहुंचकर विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना की ।

### ग्राम दतान में कर्मा जयंती का आयोजन



**पलारी ।** समीप स्थिति ग्राम दतान मे गत दिवस कर्मा जयंती बड़े घूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर संरक्षक पुरन लाल साहू, अध्यक्ष वासुदेव साहू, उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू, कोषाध्यक्ष उदे साहू, सलाहकार ढेलू राम साहू, राधेश्याम साहू, भोला राम साहू, पुसराम साहू, बिसाहू राम साहू, विजय साहू, जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू, रामलाल साहू, रामसिंह साहू, राधे लाल साहू, हिरालाल साहू, भगेला साहू, अरूण साहू, लखेशवर राजेन्द्र साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

## निधन

### सुरेंद्र कुमार यदुवंशी



**भवानीपुर।** सुरेंद्र कुमार यदुवंशी उम्र 50 वर्ष का निधन हो गया। जिनकी अंतिम संस्कार नगर पंचायत पलारी के मुक्ति धाम में किया गया। वह वे संतोषी यदुवंशी प्राथमिक पाठशाला खपरी शिक्षिका के पति थे। वे माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर में व्याख्याता के रूप में पदस्थ थे।

## पेज 7 के शेष

### शिक्षित और संगठित...

अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना का लाभ लेकर आगे बढ़ें और जो लोग पीछे रह गए हैं उन्हें आगे बढ़ाएं। हमारी सरकार आदिवासी समाज के युवाओ के लिये भी अनेक योजना लागू की हैं। युवा पढ़ लिखकर उच्च शिक्षित हो और समाज को भी नई दिशा दें।उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह बहुत अच्छी पहल हैं। इस तरह के आयोजन से समाज संगठित भी होता है।

### ये रहे शामिल

आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते,महासभा अध्यक्ष शिव सिंह नेताम, पलारी जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, उपाध्यक्ष अघनी आडील, जिला अध्यक्ष सर्वा. आदि.स. भूपेंद्र ध्रुवंशी, रामचंद ध्रुव, बीएल ध्रुव, नंद वर्मा, मेलाराम साहू, चरणदास टेहरवंश, नवीन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, पवन वर्मा, मिथलेश साहू, निर्मला रजक, सरपंच टिकेश्वर प्रसाद ध्रुव सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

// शपथ पत्र //

शकुन बाई उम्र-49 वर्ष पति खूबचंद पटेल, जाति मरार, निवासी ग्राम/ पो. कुम्हारी, तहसील टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) .......शपथकर्ता

शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

01. यह कि शपथकर्ता का नाम, पता व सकूनत उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है ।

02. यह कि शपथकर्ता का मूल व सही नाम शकुन बाई (Shakun Bai) पति खूबचंद पटेल (Khubchand Patel) है, जो कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 4165 2405 2368 में दर्ज है, पूर्णतः सत्य एवं सही है ।

03. यह कि शपथकर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम में पॉलिसी धारक है, जिसमें पॉलिसी संख्या- 383684414, दिनांक 11/03/2006 है, जिसमें मेरा नाम शकुन्तला पटेल (SHAKUNTALA PATEL) पति खूपचैन पटेल (KHUPCHAIN PATEL) दर्ज है ।

04. यह कि पॉलिसी धारक के उक्त आधार कार्ड में दर्ज नाम शकुन बाई (Shakun Bai) पति खूबचंद पटेल (Khubchand Patel) एवं उक्त पॉलिसी बॉण्ड में दर्ज नाम शकुन्तला पटेल (SHAKUNTALA PATEL) पति खूपचैन पटेल ( KHUPCHAIN PATEL) दोनों नाम एक ही व्यक्ति मुझ शपथकर्ता एवं मेरे पति का ही नाम है ।

05. यह कि उक्त पॉलिसी बॉण्ड में दर्ज नाम शकुन्तला पटेल (SHAKUNTALA PATEL) पति खूपचैन पटेल (KHUPCHAIN PATEL) के स्थान पर आधार कार्ड में दर्ज मूल व सही नाम शकुन बाई (Shakun Bai) पति खूबचंद पटेल (Khubchand Patel) जाना, लिखा एवं पढ़ा जावे । जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रमाणित कर प्रस्तुत किया जा रहा है ।

शपथकर्ता
शकुन्तला

// सत्यापन //

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र में वर्णित कंडिका कमांक 01 से 05 तक सत्य एवं सही है, जिसे आज दिनाँक 16/03/2026 को स्थान कसडोल में पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता
शकुन्तला

## इनका हुआ सम्मान...











बलौदाबाजार। जिले के समग्र विकास, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा के उद्देश्य से शनिवार को स्थानीय जिला ऑडिटोरियम में 'हरिभूमि–आईएनएच जिला संवाद 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में हुए विकास कार्यों, संचालित योजनाओं तथा आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत मंथन किया गया। हरिभूमि–आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों से सीधा संवाद कर जिले की वर्तमान स्थिति और भविष्य की दिशा पर चर्चा की। कार्यक्रम में राजस्व, खेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, नगर पालिका भाटापारा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी, राइस मिल एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष संजू पटेल, व्यवसाई नरेश भट्टर, प्राचार्य डॉ संजय पांडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं डीएफओ गणवीर धम्मशील ने जिले की स्थिति और योजनाओं के क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। संवाद में व्यापार, चिकित्सा, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े नागरिकों ने भी अपने सुझाव और समस्याएं मंच पर रखीं। कार्यक्रम के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं, अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा समस्याओं के समाधान हेतु ठोस सुझावों पर विचार–विमर्श किया गया।

### विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान

जागेश्वर पटेल (गौ सेवक) वर्ष 2014 से गौ सेवा में संलग्न जागेश्वर पटेल वर्तमान में दो गौशालाओं में लगभग 600 गौमाताओं की सेवा कर रहे हैं। उनका कार्य सेवा, समर्पण और संस्कारों का प्रेरणादायक उदाहरण है।

श्यामसुंदर केसरवानी (व्यवसायी एवं समाजसेवी) सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्री केसरवानी विभिन्न संस्थाओं से जुड़े रहकर समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

डॉ. के. के. साहू (वरिष्ठ चिकित्सक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ) पिछले लगभग 40 वर्षों से सेवा भाव से चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डॉ. साहू ने हजारों जरूरतमंद मरीजों का उपचार किया है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु आधुनिक अस्पताल की स्थापना भी की है। डॉ. उत्तम कुमार वर्मा (सहायक प्राध्यापक) डी.के. कॉलेज में कार्यरत डॉ. वर्मा जिले के पहले दृष्टिहीन पीएचडी धारक हैं। उनकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. वासुदेव ठाकुर (वरिष्ठ समाजसेवी) पिछले 50 वर्षों से चिकित्सा और समाज सेवा में सक्रिय डॉ. ठाकुर जरूरतमंदों को नि:शुल्क इलाज और भोजन उपलब्ध कराते रहे हैं। उनका जीवन समर्पण और मानव सेवा का उदाहरण है। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित व्यक्तित्वों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया तथा जिले के विकास में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया।

**आयोजन : विश्व वानिकी दिवस पर विविध कार्यक्रम**

# वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन, आजीविका व भविष्य की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 21 मार्च को बलौदाबाजार वनमण्डल में विविध जागरुकता, सहभागिता एवं संवाद आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि वन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन, आजीविका और भविष्य की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों से चयनित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं तार्किक प्रस्तुति के माध्यम से वन संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरणीय संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी निश्चल शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अजय मिश्रा,अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य कृषानू चन्द्राकर सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कार्यशाला एवं सम्मान समारोह के माध्यम से वन संरक्षण का संदेश



#### वनों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विश्व वानिकी दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वनों का संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि वनों के बिना पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता एवं मानव जीवन की स्थिरता संभव नहीं है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर वन संरक्षण के प्रयासों में भागीदारी सुनिश्चित करें तथा इस संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में सहयोग करें।

#### अपराध अन्वेषण और प्रॉसीक्यूशन पर कार्यशाला

विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष में वन एवं वन्यजीव अपराध अन्वेषण और प्रॉसीक्यूशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गिरीश पाल सिंह, एवं ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, कसडोल सुश्री श्वेता मिश्रा उपस्थित रहीं। इस सत्र के माध्यम से वन्यजीव अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों, जांच प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन एवं न्यायालयीन कार्यवाही के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी साझा की गई, जिससे वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विधिक प्रक्रियाओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई।

## 'आध्यात्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और आस्था की सबसे बड़ी ताकत'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत पंचायत में 18 मार्च से चल रहे अखंड नवधा रामायण का धार्मिक और भक्तिमय वातावरण में आयोजन किया जा रहा है। पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीराम की कथा का रसपान कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में आचार्य प्रशांत चौबे एवं मुख्य यजमान ऊषा मुरारी लाल आदित्य हैं। वहीं श्रद्धालु गण श्रीराम कथा सुनकर भाव-विभोर हो रहे हैं। कथा स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और पूरा नगर भक्ति के रंग में रंगा हुआ है। शनिवार को इस पावन आयोजन में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे विशेष रूप से शामिल हुई। उन्होंने कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

- अखंड नवधा रामायण जैसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं: कविता

**ये भी हुए शामिल:** इस अवसर पर उनके साथ कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसि नेमीचंद केसरवानी, कमलेश कुर्रे, फिरीत लाल खटकर, दादू लाल साहू, मनोज साहू, संतोष यादव, विनोद आदित्य, गणेश यादव, तुलसी आदित्य, बिहारी लाल आदित्य, शिक्षक भरत साहू, कांसी राम आदित्य, मुरारी आदित्य, विजय साहू शामिल हुए।

## नपा अध्यक्ष पहुंचे ईदगाह, मुस्लिम समुदाय को दी ईद की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



मुस्लिम समुदाय के द्वारा नगर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने स्थानीय रिसदा रोड स्थित ईदगाह में सभी मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोगों से मुलाकात कर ईद पर्व की मुबारकबाद दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इमाम साहब एवं समाज के मुतवल्ली सहित अन्य वरिष्ठों को माला पहनकर अभिनंदन भी किया गया। आपसी भाईचारे के पर्व पर नगर पालिका के पार्षद सलमान शेख के द्वारा नगर पालिका व मोहल्ले में सेवइयां बांटी गई। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर समाजसेवी योगेश अग्रवाल व पार्षद प्रतिनिधि रविन्द्र नामदेव ने भी मुबारकबाद दी। स्थानीय रिसदा रोड में सुबह की नमाज एवं तहरीर पढ़ने के बाद सभी समुदाय के लोग ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं देने आते हैं। व परंपरागत सभी से मेल मुलाकात की जाती है। आपसी भाईचारे व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में ईद मनाई गई। सभी ने एक दूसरे के घरों में सेवई व अन्य सामग्री का आनंद उठाया गया ।

## कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाकर संगठन को बूथ स्तर तक बनाएं मजबूत : दयाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल



ग्राम बिलारी में रविवार को कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की अध्यक्ष दयाराम वर्मा द्वारा की गई। बैठक में संगठन सृजन प्रभारी कन्हैया अग्रवाल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार करने तथा जनसमस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों के लिए कार्य करती रही है और आगे भी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

- ग्राम बिलारी में कांग्रेस पार्टी की बैठक संपन्न

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भी अपने-अपने विचार रखे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में कन्हैया अग्रवाल, सुमित्रा गृतलहरे, सरजु प्रसाद घृतलहरे, विशाल खुसरो, योगेश बंजारे, जगाउराम पटेल, चंद्रकुमार यादव, महेंद्र साहू, चंद्रपाल यादव, जतिराम निषाद, रमेश वैष्णव, पुरी राम कोसले, सिख राम वर्मा, रेशम दास मानिकपुरी, द्वारका निर्मलकर, सुशील देवांगन, गोविंद मिश्रा, जागेश्वर प्रसाद वर्मा, गंगाराम साहू, अशोक पटेल आदि कांग्रेस जन में उपस्थित रहे।

## देवसुंद्रा में ग्रामसभा में ग्रामीणों ने जल बचाने का लिया संकल्प



**पलारी।** पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत देवसुंद्रा में बीते दिनों विशेष ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोर गाँव मोर पानी अभियान के तहत लोगों को जानकारी देते हुए सरपंच अभिराम साहू ने बताया गया कि हम सब को मिलकर जल की महत्व को समझना है। जल का युक्तिपूर्वक व जरुरत के अनुरुप उपयोग करके बचाना है। जिससे आने वाले समय में जल की कमी नहीं हो। साथ ही उपस्थित पंचायत के सभी पंचों एवं आम लोगों ने जल को बचाने की संकल्प लिया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रहीं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सिसदेवरी में अखंड नवधा रामायण 27 मार्च से

**पलारी।** पलारी के ग्राम सिसदेवरी में हर साल की तरह नौ दिवसीय नवधा रामायण समारोह का आयोजन 27 मार्च से 5 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित विष्णु धर दीवान एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जाएगा। समारोह के प्रत्येक मानस मंडली को 401 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी यह जानकारी रामायण समारोह संचालक खेलन चंद्राकर के द्वारा दिया गया।

### श्री वैष्णव महासभा पलारी मंडल की बैठक होलीमिलन समारोह



**पलारी ।** श्री वैष्णव महासभा पलारी मंडल की बैठक 22 मार्च रविवार को कुंती पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें होली मिलन समारोह भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महंत दूधाधारी मठ के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मंडलेश्वर दिनेश्वर दास वैष्णव, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र दास वैष्णव, कोमल वैष्णव, त्र्यंबकेश्वर वैष्णव, अनमोल वैष्णव, शेष दास वैष्णव, संतोष वैष्णव, रामनिवास वैष्णव, रामरंग वैष्णव, खगेश वैष्णव, लालबंधु वैष्णव, छवि वैष्णव, सेस दास वैष्णव, चंद्रकुमार वैष्णव, वैभव वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, विष्णु दास वैष्णव एवं राजू दास वैष्णव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 अप्रैल को

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के संस्थापक सदस्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु एवं जगत राम यादव ने बताया समाज के प्रबंध कारिणी समिति के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। जिसमें इन पदों पर निर्वाचन होगा। अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष संयुक्त सचिव के एक एक पद एवं सदस्य 2 पद मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन एवं त्रृटि सुधार 18 मार्च से 20 मार्च तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जिला क्रमवार 21 मार्च उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल 22 मार्च से 25 मार्च उम्मीदवार के सूची का प्रकाशन 26 मार्च नाम वापसी 27 मार्च उम्मीदवार के अंतिम सूची का प्रकाशन 28 मार्च उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह आबंटन 29 मार्च समस्त मतदान 12 अप्रैल जिला के निर्धारित मतदान केंद्र पर समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया समाज के प्रधान कार्यालय छत्तीसगढ़ झेरिया यादव सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुर में संपन्न होगा मत गणना चुनाव मतदान केंद्र पर मतदान समाप्ति के आधा घंटा पश्चात निर्वाचन के अधिकृत परिणाम की घोषणा सभी जिला के मतदान केन्द्र के पीठासीन अधिकारी से प्राप्त मतगणना पत्रक के आधार पर मुख्य/ सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुर में किया जाएगा। मतदान के समय आधार कार्ड को पहचान पत्र माना जाएगा। उक्त जानकारी झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव ने दी।




**जिला संवाद:** बलौदाबाजार-भाटापारा के विकास पर सत्ता और विपक्ष में महायुद्ध

# शिवरतन शर्मा ने गिनाईं उपलब्धियां, शैलेष नितिन ने बजट और जमीन के मुद्दों पर घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला ऑडिटोरियम में शनिवार को 'हरिभूमि' एवं 'आईएनसी ग्रुप' द्वारा आयोजित 'जिला संवाद' कार्यक्रम में राजनीति का पारा चढ़ा रहा। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के तीखे सवालों के बीच भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों ने जिले के विकास, सुशासन और प्रशासनिक विफलताओं पर एक-दूसरे को जमकर घेरा। जहां सत्तापक्ष ने दो साल के कार्यकाल को 'संकल्प पूर्ति और सुशासन' का दौर बताया, वहीं विपक्ष ने इसे 'अपराध, भ्रष्टाचार और अधूरी घोषणाओं' का काल करार दिया। इस संवाद ने न केवल आगामी राजनीतिक दिशा तय की, बल्कि बलौदाबाजार-भाटापारा की स्थानीय समस्याओं को भी प्रमुखता से पटल पर रखा।



### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के साथ संवाद

***सवाल - बीते दो सालों को आप कैसा देखते है और इन दो सालों का वक्त आपने कैसे गुजारा***

**जवाब -** छ.ग. में सुशासन के दो वर्ष रहा है इन दो वर्ष में ये पहली सरकार थी, जिसने अपने संकल्प पत्र में जो बाते कहीं है, उसे प्रमुखता के साथ पहले वर्ष में ही उसे पूर्ण किये है। हमने घोषणा किया था कि हमारी सरकार आयेगी तो मुख्यमंत्री अपने मुख्यमंत्री निवास में तभी जायेगा। जब छ.ग. के आठ लाख प्रधानमंत्री आवास जो पिछली सरकार ने रोक दिये थे, उसकों स्वीकृत करने के बाद अपने मुख्यमंत्री निवास में रहने जायेगा। आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता गर्व से कहते है, पहली कैबिनेट की बैठक में आठ लाख आवास स्वीकृत हुए। उसके बाद मुख्यमंत्री अपने निवास में प्रवेश किये। हमने कहां था हम 21 क्विंटल धान प्रति एकड में 3100 रूपये के भाव में खरीदेगें और एक साथ बोनस की राशि देगें। तीन वर्ष हो गये धान भी पुरा खरीद रहे है, बोनस की राशि भी एक साथ दे रहे है।

***सवाल - आपने बताया अधोसंरचना में काम हो रहा है लेकिन सुनने में आया था कि पीडब्लूडी का बजट हजार करोड़ का था, खर्च केवल चार हजार करोड़ हुआ।***

**जवाब -** कोई भी सरकार अपना बजट बनाती है तो कोई सरकार अपना बजट पुरा खर्च नहीं कर पाती। छ.ग. में अभी जो पीडब्लूडी के काम स्वीकृत हुए है वैसा पिछले पांच साल में नहीं हुआ था। आज छ.ग. में जो भी अधोसंरचना के रूप में विकास कार्य दिख रहा है, उनमें 90 प्रतिशत सड़क भाजपा सरकार में बनी है। चाहे बलौदाबाजार से भाटापारा रोड़ हो या रायपुर से बिलासपुर हो।

***सवाल - भाटापारा को जिला बनाने के लिए आप कहां चूक गये ?***

**जवाब -** कोई भी जब प्रशासनिक इकाई बनती है तो दो चीजे महत्वपूर्ण होती है। पहला भौगोलिक क्षेत्रफल दूसरा राजनीतिक नेतृत्व छः विकासखंडों को लेकर बलौदाबाजार जिला बना तो भौगोलिक क्षेत्रफल बलौदाबाजार के अनुकुल था, क्योंकि यह पुरे जिले का केंन्द्र था। दुसरी बात राजनीतिक नेतृत्व की थी 2012 में बलौदाबाजार जिला बना चुंकि मैं 2008 में चुनाव हार चुका था उस समय बलौदाबाजार में भाजपा की विधायक थी और रायपुर सांसद जी भी बलौदाबाजार के पक्ष में थें। परिस्थितियां ऐसी बनी की बलौदाबाजार को ही जिला बनाना पड़ा। शासन के दृष्टि से भी राजनीतिक नेतृत्व भी भाटापारा की तुलना में बलौदाबाजार मजबूत था, इसलिए बलौदाबाजार को इसका लाभ मिला। जहां तक भाटापारा को जिला बनाने की बात है जब भी परिस्थितियां अनुकुल होगी शिवरतन शर्मा और भाजपा के कार्यकर्ता भाटापारा को जिला बनायेंगे।

***सवाल - बलौदाबाजार को जिला बनने के बाद हो क्या गया, जो 14 सालों तक केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया है। बस जिला बनने पर ही खुश है, क्या ?***

**जवाब -** जिला बनने के बाद बलौदाबाजार का बहुत ही विकास हुआ है। आपने जो नहीं हुआ उसको बताया, लेकिन जो हुआ है उसको गिनों और जो नहीं हुआ है वो आने वाले भविष्य में हो जायेगा। मेडिकल कॉलेज भी खुलेगा, अभी पहली प्राथमिकता उस लोकसभा क्षेत्र को दी जा रही है, जिनमें मेडिकल कॉलेज नहीं है। बलौदाबाजार में जितने भी विकास हुए वह भाजपा ने किये है।

### भाटापारा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनील माहेश्वरी के साथ संवाद

***सवाल - भाटापारा में पिछला दो साल कैसा चल रहा है ?***

**जवाब -** पिछले 15 साल रमन सिंह जी की सरकार थी, आखरी के चार-पांच साल में 300 रूपये बोनस तक नहीं दे सकें। जब कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें देना शुरू किया तो मजबुरी में भाजपा ने 3100 रूपया दिया। इस वादे को इनको निभाना पडेंगा नहीं तो बीच में ही जनता हटा देगी। आज के समय में हर किसी के जुबान पर केवल यहीं बात है कि अगली बार कांग्रेस की सरकार आ रही है। प्रशासन और एलआईवी का भी यहीं रिपोर्ट है। हमारे जिले को भाजपा ने पुरे देश में बदनाम कर दिया, यह दो साल का परिणाम है। जिस परिस्थिति को शासन और प्रशासन शुरूवात में हैंडल कर सकती थी, उसको ऐसी परिस्थितियां लाकर रख दिये कि आपकों भी पुछना पड़ गया कि कलेक्टर और एसपी को इस जिलें में पदस्थापना मिलने से डर लगा क्या। जबकि यहां डरने वाली कोई बात नहीं है। ऐसी परिस्थिति इस भाजपा की सरकार ने निर्मित की।

कार्यक्रम में विकास की धीमी रफ्तार, मेडिकल कॉलेज की अनुपलब्धता और स्थानीय रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता की नब्ज टटोलने की कोशिश की गई। डॉ. हिमांशु द्विवेदी के कुशल संचालन में हुए इस संवाद ने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले समय में बलौदाबाजार की राजनीति और गरमाने वाली है।

### पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के साथ संवाद

***सवाल - शिवरतन शर्मा जी के बातों से आप कितना सहमत है ?***

**जवाब -** शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहां कि शिवरतन शर्मा जी के बातों से मैं पुरी तरह से असहमत हूं। पीडब्लूडी की बजट में पिछले साल जो दस हजार करोड़ की आपने बात की फरवरी अंत तक उसका 72 प्रतिशत हिस्सा उपयोग नहीं किया गया। ये आंकडे अगर आप सड़क बनाने के लिए पैंसा आवंटित करते तो उसका 72 प्रतिशत हिस्सा खर्च नहीं कर पाते, तो आपकों अपने आपकों सुशासन की सरकार नहीं कहना चाहिए। कांग्रेस की सरकार ने बढ़यि धान खरीदी होती थी। भाजपा की सरकार ने किसानों का रकबा समर्पण करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। किसानों का धान जप्त



हो रहा है। एग्रीस्टेक पोर्टल में भौतिक सत्यपान के लिए किसान राजस्व विभाग के अधिकारियों से दर-दर की ठोंकर खा रहे है। इनकों यह उपलब्धि मानते है, मैं इसको उपलब्धि नहीं मानता। हमारे जिले के चांपा गांव में गौठानों के नाम पर सरकारी भूमि आरक्षित की गयी थी, उसे उद्योगपति को सौंप दी गयी। हमने कृषि भूमि आरक्षित किया था। जिले के लिमाही गांव आदिवासियों का गांव है, जिससे लगा हुआ गोंड खपरी, खम्हरिया, पाहंदा गांव की जमीन जिला प्रशासन द्वारा बिना गांव वालों से पुछे, बिना ग्रामसभा व बिना पंचायत प्रस्ताव के ट्रांसपोर्ट नगर के लिये दे दिया गया।

### प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा के साथ संवाद

***सवाल - क्या आप मानते है कि भाजपा किसानों और आम आदमी के संन्दर्भ में बात करके सत्ता में आयी है।***

**जवाब -** हम विपक्ष है और सरकार के नकामियों को उजागर करें। नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन कह रहे थे कि पिछले पांच सालों में कुछ नहीं हुआ। जिस ऑडिटोरियम में हम बैठे है इसको हमनें बनवाया है, केंवल फीता काटने का काम भाजपा ने किया है। ऐसे ही हमारे बनाये हुए बहुत सारें चीजों का फीता भाजपा ने काटा है। अभी शिवरतन भाई ने कहां कि विष्णुदेव साय सरकार का सुशासन चल रहा है, उसका सबसे बड़ा उदाहरण है-बलौदाबाजार का कलेक्टर ऑफिस का जलना यहां इतना बड़ा दंगा हो गया कि कलेक्टर कार्यालय को छोड़कर कलेक्टर और एसपी का भाग जाना, झारखंड के व्यक्ति का आकर रायपुर में गोली चलाना, सूरजपुर में माइनिंग अधिकारी के ऊपर टैक्टर चला देना, थाने के अंदर जाकर कत्ल करने की कोशिश करना यह सुशासन है। सुशासन के नाम पर पिछले दो साल में जिस तरह अपराधों, शराबखोरी, सुखा नशा में वृद्धि भाजपा सरकार ने की है इनकों यह सुशासन मानते है।

***सवाल - महिला स्व. सहायता समुहों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाडीयों के लिए पोषण आहार बनाने का काम करते थे, वह काम आपने छिन लिया था।***

**जवाब -** किसी नियम के तहत उनकों बदला गया होगा, इसके बदले इन समुहों को गौठानों में बहुत काम मिला है। रेडी टू ईट में जितनी महिलाएं कार्य करती थी, इससे कई गुना अधिक महिलाएं गौठानों में काम करती थी। हर सरकार की अपनी-अपनी प्राथमिकताएं होती है, इनके पीछे कई कारण है। उस समय रेडी टू ईट में गुणवत्ता का अभाव था इसलिए महिला समुहों से लेकर अन्य समुहों को दिया गया है।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा के साथ संवाद

***सवाल - सुरेन्द्र शर्मा के अनुसार छ.ग. की स्वसहायता समुह की महिलाओं के पोषण आहार की गुणवत्ता ठीक नहीं रहती थी, आप क्या सोचते है ?***

**जवाब -** कांग्रेस की गौठान योजना पुरी तरह से भ्रष्टाचार करने के लिए बनायी गई थी। कांग्रेस सरकार ने कहां कि गोबर से पेंट बनायेगें आज तक एक लीटर बना पायें क्या। राजीव गांधी युवा मितान क्लब की समिति बनायी गई थी, जिसमें सरकारी पैंसा सीधा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के खातें में जाता था। जबकि योजना के अनुसार ग्रामसभा में पारित करवाना होता था। गांव के उत्कृष्ट युवा को इसमें शामिल किया जाना था, लेकिन यह योजना कांग्रेस कार्यकर्ताओं तक सिमट कर रह गयी। इन पैंसों का उपयोग कार्यकर्ताओं ने दारू और चखने के लिए किया। शैलेश नितिन त्रिवेदी जी अभी लिमाही के ट्रक यार्ड की बात कर रहे थे। एसडीएम साहब यहां मौजूद है, मुआयना करवा लिजिए कोई तालाब वहां नहीं है। 14 एकड़ में से 4 एकड़ में ट्रांसपोर्ट नगर बनेगा और वहां पर कोई खेल का मैंदान नहीं है, आप भौतिक सत्यापन करा लिजिए। आपने राजनीति करने के लिए उस जगह का विरोध किया। जिले के विकास को बाधा पहुंचाना चाहा। आप पंचायत के एनओसी की बात कर रहे थे, एसडीएम साहब से पुछ सकते है एनओसी मिला है कि नहीं ।

***सवाल - आप पांच साल विधायक थे तो बलौदाबाजार का काम ठीक था या अभी टंकराम वर्मा जी के समय ठीक है।***

**जवाब -** मैं जब विधायक था तो कांग्रेस पार्टी की सरकार थी और मेरे साथ भेदभाव किया जाता था, मुझे काम करने नहीं दिया जाता था। विकास के कार्य के लिए मैं कोई आंदोलन करू तो कई तरह के धाराएं मुझ पर लगवा देते थे, 26 धाराएं मुझ पर लगी हुई है। और ये मेरे विकास कार्यों में बांधा डालते थें।

***सवाल - ऐसा कौन सा विकास कार्य आप करना चाहते थे, जिनमें कांग्रेस बाधा डालती थी ?***

**जवाब -** इमामी सीमेंट के जन सुनवाई में मेरी मांग थी कि 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सकें। जन सुनवाई का कांग्रेस दो करोड रूपया फीस लेती थी। कांग्रेस ने पुरा बेचने का काम किये है।

***सवाल - आपकी मांग थी कि 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलना चाहिए अब कितनों को मिल रहा है ?***

**जवाब -** अभी भी मैं स्वीकार करता हूं कि संतोष जनक स्थिति नहीं है। क्षेत्र के लोंग अभी भी उपेक्षित है। लेकिन पहले से बेहतर है। कांग्रेस और भाजपा की नीति में जमीन आसमान का अंतर है। भाजपा संगठन आधारित पार्टी है। और कांग्रेस व्यक्तिगत आधार पार्टी है, इसमें जो जितना बड़ा चमचा उतना बड़ा नेता। इसीलिए मैंने भाजपा प्रवेश किया।

## ग्रामों का हो रहा सर्वांगीण विकास : आकांक्षा गोलू जायसवाल



**बलौदाबाजार।** हरिभूमि एवं आईएनएच के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित जिला ऑडिटोरियम में आयोजित 'जिला संवाद' कार्यक्रम में जिले के विकास, समस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर विभिन्न मुद्दों पर खुलकर संवाद किया तथा पक्ष-विपक्ष के बीच सवाल-जवाब भी हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल से ग्रामीण विकास को लेकर कई प्रश्न पूछे। इस पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। गांवों में आवश्यक अधोसंरचना विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं और समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी है। श्रीमती जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। लगभग 1.80 लाख हितग्राहियों का सर्वे किया जा चुका है और पात्र लोगों को नए आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही हर आवास में वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य किया जा रहा है, जिससे भूजल स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### • स्वच्छता में बड़ी उपलब्धिः जिला हुआ ओडीएफ प्लस

ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में पेयजल संकट एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। कई गांवों में जलस्तर नीचे जाने से लोगों को परेशानी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं तथा आमजन की सुविधा के लिए टोल-फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि त्वरित निराकरण संभव हो सके।

उन्होंने यह भी बताया कि कई पंचायतों में अधोसंरचनात्मक कार्यों की कमी को दूर करने के लिए 15वें वित्त आयोग मद से विभिन्न विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा सभी ग्रामों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में भी जिले की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत अब तक लगभग ढाई लाख शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। इसके परिणामस्वरूप जिला ओडीएफ प्लस श्रेणी में शामिल हो गया है, जो पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते है।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर